SBI

भारतीय स्टेट बैंक
STATE BANK OF INDIA

दिनांक 23 DEC 2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
हल्द्वानी वन प्रभाग,
हल्द्वानी।

विषयः जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु भारतीय स्टेट बैंक को दिये जाने के सम्बन्ध में

संदर्भः प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र संख्या 882 FP/UK/OTHERS/28642/2017 दिनांक 12.09.2017।

महोदय,

संदर्भित पत्र के माध्यम से विषयांकित प्रकरण में प्रमाण पत्र / प्रपत्र / सूचनायें उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये थे। विषयांकित प्रकरण में संदर्भित पत्र के अनुपालन मे आपत्तियो का प्रतिउत्तर निम्न प्रकार प्रेषित किया जा रहा है:-

| क0सं0 | आपत्ति | प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत जिला स्तरीय समिति की मीटिंग का कार्यवृत्त भी संलग्न किया जाना है। | वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत जिला स्तरीय समिति की आख्या प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 40 से 45 तक संलग्न की गयी है। |
| 2 | प्रस्ताव मे संलग्न प्रपत्रो के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक भारत सरकार का एक उपकम है उल्लेख किया गया है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भारत सरकार के विभागों को गैर वानिकी कार्यो हेतु वन भूमि हस्तान्तरण की जाती है व उपकमों को वन भूमि लीज पर दी जाती है। अतः प्रस्ताव मे लीज अवधि का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना है। | लीज अवधि का प्रमाण पत्र प्रस्ताव मे संलग्न किया जा रहा है। |
| 3 | प्रस्तावित कार्यलिय भवनो का निर्माण शिवालिक एलीफेन्ट रिजर्व के अन्तर्गत प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध मे अपर प्रमुख वन संरक्षक / मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की संस्तुति / अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना है। | उक्त बिन्दु के अनुपालन मे प्रमुख वन संरक्षक(वन्यजीव) / मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा अपने पत्रांक 1390 / 12-1 दिनांक 18.12.2024 से अनापत्ति निर्गत की गयी है, जो प्रस्ताव मे संलग्न की जा रही है। |
| 4 | प्रस्ताव के लेण्ड शेड्यूल मे प्रस्तावित स्थल की लम्बाई 114 मीटर एवं चौडाई 35.263 मीटर अंकित की गई है जबकि मानचित्र क्षेत्र त्रिभुजाकार दिखाया गया स्थिति करे। | प्रस्तावित क्षेत्र त्रिभुजाकार है, जिसकी लम्बाई 114.00 मीटर तथा एक तरफ की चौडाई 70.526 मीटर एव दूसरी तरफ की चौडाई शून्य है। क्षेत्र की औसत चौडाई 35.263 मी0 (70.526+0/2=35.263 मी0) आकलित की गयी है। इस प्रकार 114.00 मी0 x 35.263 मी0= 4019.98 वर्ग मी0 या 0.402 है0 आकलित किया गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार आपत्ति का निराकरण कर आख्या मय संलग्नकों सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि विषयांकित प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

उप-महाप्रबन्धक (व्या. एवं परि)
भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय
हल्द्वानी नैनीताल

कृष्ण कान्त बिश्नोई
Krishna Kant Bishnoi
उप महाप्रबन्धक (व्यव. एवं परि.)
Deputy General Manager (B & O)
भारतीय स्टेट बैंक
State Bank Of India
प्रशासनिक कार्यालय-7, हल्द्वानी
Administrative Office-7, Haldwani